न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, शाहपुरा जिला भीलवाड़ा (राज0)

पीठासीन अधिकारी/सुश्री श्वेता चौहान IAS

प्रकरण संख्या 272/ 2018

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 लैण्ड रेवेन्यू एक्ट, 1956

उनवान

भैरू लाल S/o नानु खटीक नि० शेषा तह० जहाजपुर

– प्रार्थी / ~~प्रार्थीगण~~

बनाम

मदन लाल S/o बाबूलाल खटीक कोली नि० गैंजन बस्ती शाहपुरा

– विप्रार्थी / विपक्षीगण

उपस्थित :– श्री आशीष बालीवाला अभिभाषक प्रार्थी

निर्णय

दिनांक 6-11-19

प्रार्थी / ~~प्रार्थीगण~~ की ओर से प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 के तहत विप्रार्थी / विपक्षीगण के प्रस्तुत किया गया, जिसके संक्षेप मे तथ्य इस प्रकार से है :– प्रार्थी / ~~प्रार्थीगण~~ के ग्राम शिवपुरा तहसील शाहपुरा / ——— जिला भीलवाड़ा मे स्थित आराजी खसरा नम्बर 28/957 रकबा 0.14 हे० कुल किता 1 रकबा 0.14 हैक्टयर का प्रार्थी / ~~प्रार्थीगण~~ ~~खातेदार~~ / संयुक्त खातेदार काश्तकार है। वादग्रस्त भूमि के विप्रार्थी / विपक्षीगण पड़ौसी है। प्रार्थी / ~~प्रार्थीगण~~ एवं विप्रार्थी / विपक्षीगण के मध्य आराजी के सीमाचिन्ह नही होने से आये दिन सीमा संबंधी विवाद उत्पन्न होता रहता है अतः पत्थरगढ़ी कराई जावे।

प्रकरण पंजीबद्व किया जाकर विप्रार्थी / विपक्षीगण को जरिये सम्मन तलब किया गया। विप्रार्थी / विपक्षीगण बावजूद सूचना उपस्थित नही होने से एक तरफा कार्यवाही की जाकर बहस अभिभाषक प्रार्थी / ~~प्रार्थीगण~~ सुनी गई। हमने पत्रावली का एवं प्रस्तुत खाते की नकल जमाबन्दी ग्राम शिवपुरा संवत 2074 से 2077 तक का अवलोकन किया उपरोक्त वर्णित आराजीयात के प्रार्थी / ~~प्रार्थीगण~~ ~~खातेदार~~ / संयुक्त खातेदार दर्ज होकर अपनी आराजीयात की पत्थरगढ़ी कराना चाहते है। अतः प्रार्थी / ~~प्रार्थीगण~~ द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर मौजा शिवपुरा मे स्थित प्रार्थी / ~~प्रार्थीगण~~ की उपरोक्त ~~खातेदारी~~ / संयुक्त खातेदारी की आराजीयात किता 1 रकबा 0.14 हैक्टयर की पुख्ता पत्थरगढ़ी पक्षकारान की मौजूदगी मे अगर मौके पर अन्य कोई विवाद न हो व कोई प्रकरण न्यायालय मे विचाराधीन न हो तो कब्जे मे हस्तक्षेप नही करते हुए पत्थरगढ़ी (ऑन लाइन सीज मे) किये जाने हेतु तहसीलदार शाहपुरा / ——— को कमिश्नर नियुक्त किया जाता है। पत्थरगढ़ी हेतु कमिश्नर फीस 100/— रूपये कायम किये जाते है जो प्रार्थी / ~~प्रार्थीगण~~ से तहसीलदार शाहपुरा / ——— मौके पर प्राप्त करे। पत्थरगढ़ी मौका पर्चा पेश करे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। बाद तफसील दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 6-11-19 को सरे इजलास सुनाया गया।

(हस्ताक्षर)

उपखण्ड अधिकारी एवं सहायक कलेक्टर शाहपुरा (भीलवाड़ा)

आर0ए0एस0

उपखण्ड अधिकारी शाहपुरा (भीलवाड़ा)

प्रतिलिपिः—तहसीलदार, शाहपुरा / ——— पास भेजकर लेख है कि मुताबिक आदेश पक्षकारान की मौजूदगी मे नियमानुसार पत्थरगढ़ी की जाकर पालना रिपोर्ट शीघ्र भिजावे।

– Sd –

उपखण्ड अधिकारी एवं सहायक कलेक्टर शाहपुरा (भीलवाड़ा)

Scanned by CamScanner